वैश्विक निवेशकों को यूपी में निवेश का न्योता, वित्त मंत्री ने गिनाए अवसर

राज्य ब्यूरो, जागरण ● लखनऊ: उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में प्रदेश सरकार अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों और निवेशकों से संपर्क बढ़ा रही है। इसी क्रम में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने 30 से अधिक देशों के वित्तीय एक्सचेंजों और राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधियों के सामने प्रदेश में निवेश की संभावनाएं रखीं और उन्हें निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने निवेशकों को पारदर्शी नीतियों, समयबद्ध स्वीकृतियों और हर स्तर पर सरकारी सहयोग का भरोसा दिलाया।

लखनऊ स्थित पिकप भवन में शुक्रवार को आयोजित 'उत्तर प्रदेश, गेटवे टू ग्लोबल इन्वेस्टमेंट-फाइनेंशियल लीडर्स डायलाग' में वर्ल्ड फेडरेशन आफ एक्सचेंजेज (डब्ल्यूएफई) और 30 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सुरेश खन्ना ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश आर्थिक बदलाव के दौर से गुजर रहा है। उत्तर प्रदेश एक दशक से अधिक समय से राजस्व अधिशेष की स्थिति बनाए हुए है। सरकार पारदर्शी, प्रतिस्पर्धी और निवेश अनुकूल औद्योगिक वातावरण विकसित कर रही है। उन्होंने सिंगल विंडो व्यवस्था, कारोबार सुगमता के लिए किए गए सुधारों और 40 से अधिक क्षेत्र विशेष की नीतियों का उल्लेख किया। इन नीतियों के तहत निवेशकों को जीएसटी प्रतिपूर्ति और पूंजीगत सब्सिडी जैसे प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, खाद्य प्रसंस्करण और उन्नत विनिर्माण क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं गिनाते हुए वैश्विक कंपनियों से निवेश करने का आग्रह किया। नेतृत्व एनएसई इंडिया के वरिष्ठ सलाहकार शैलेश पाठक और वर्ल्ड फेडरेशन आफ एक्सचेंजेज की सीईओ नंदिनी कुमार ने किया। नैस्डैक, हांगकांग एक्सचेंजेस एंड क्लियरिंग सहित घाना, वारसा, लक्जमबर्ग, नाइजीरिया, ताइवान और अबू धाबी के वित्तीय एक्सचेंजों के प्रतिनिधि शामिल थे।



लखनऊ में इन्वेस्ट यूपी कार्यालय में वर्ल्ड फेडरेशन आफ एक्सचेंजेज और 30 से अधिक देशों के वित्तीय एक्सचेंजों एवं राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधिमंडल के साथ वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, सीईओ विजय किरन आनंद व अन्य ● इन्वेस्ट यूपी

जीबीसी के आयोजन की तैयारियां तेज

राज्य ब्यूरो, जागरण ● लखनऊ: इन्वेस्ट यूपी ने दिसंबर में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी)-5 के आयोजन की तैयारियां तेज कर दी हैं। राज्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए पांचवी जीबीसी के आयोजन को लेकर पैवेलियन एंड इंटीरियर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का चयन कर लिया गया है। कंपनी को राजधानी की वृंदावन कालोनी स्थित डिफेंस एक्सपो मैदान को जीबीसी के लिए तैयार करने का काम सौंपा है। अभी जीबीसी की तिथि निर्धारित नहीं की गई है, लेकिन शासन ने इन्वेस्ट यूपी को जीबीसी के आयोजन की सारी तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

जीबीसी का आयोजन पहले फरवरी में कराने की तैयारी की गई थी। अब सरकार ने इन्वेस्ट यूपी को जीबीसी के माध्यम से 7.5 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का लक्ष्य दिया है। इसके लिए इन्वेस्ट यूपी ने उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण को सर्वाधिक 70 हजार करोड़ रुपये व उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा अभिकरण को 60 हजार करोड़ के निवेश का लक्ष्य दिया है। आइटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग और आवास विकास को 50-50 हजार करोड़, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम व पर्यटन विभाग को 25-25 हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य दिया गया है। गाजियाबाद, लखनऊ, सोनभद्र, कानपुर शहर व मीरजापुर को 20-20 हजार करोड़ की परियोजनाओं के भूमि पूजन का लक्ष्य दिया गया है।